प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 22.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इकहत्तर हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअल माध्यम से कल सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, हजारीबाग में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी रहेंगी मौजूद।
2. कोयला मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव ने झरिया क्षेत्र का किया दौरा, इक्यासी अति संवेदनशील स्थानों से 14 हजार से अधिक परिवारों को स्थानांतरित करने का दिया निर्देश।
3. झारखंड ने टीबी उन्मूलन के लिए केंद्र से मांगी विशेष सहायता, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मेडिकल कॉलेज भी देने की मांग की।
4. केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने जारी की वन रिपोर्ट, भारत के वन क्षेत्र में लगभग डेढ़ हजार वर्ग किलोमीटर की हुई वृद्धि, झारखंड में एक दशमलव नौ एक प्रतिशत बढ़े वन क्षेत्र।
5. रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बीएस कॉलेज, लोहरदगा को हराकर एसएस मेमोरियल कॉलेज, रांची की टीम बनी चैंपियन।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रोजगार मेले के दौरान इकहत्तर हजार से अधिक युवाओं को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कल नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। बता दें कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में भर्तियां की जा रही हैं। रोजगार मेला का आयोजन रोजगार सृजन को शीर्ष प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की वचनबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह राष्ट्र निर्माण और स्वरोजगार में युवाओं की भागीदारी का अवसर प्रदान करेगा। देशभर से चुने गए नवनियुक्त युवाओं की गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न् मंत्रालय और विभागों में नियुक्ति की जायेगी।

****************

हजारीबाग के प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, मेरू कैम्प में भी कल रोजगार मेले का आयोजन कर विभिन्न मंत्रालयों के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी भी मौजूद रहेंगी।

****************

केंद्रीय कोयला मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव विस्मिता तेज ने कहा कि भू–धंसान और अग्नि प्रभावित क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पुनर्वासित करना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। झरिया क्षेत्र में कुल 595 अग्नि प्रभावित क्षेत्र हैं, जिनमें से 81 क्षेत्र अति संवेदनशील हैं। उन्होंने पहले चरण में 81 अति संवेदनशील क्षेत्र के 14 हजार से अधिक परिवारों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है। श्रीमति तेज धनबाद में झरिया पुनर्वास की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं। इस दौरान उन्होंने रिवाइज झरिया मास्टर प्लान को जल्द कैबिनेट से मंजूरी मिलने के संकेत दिये। बता दें कि 81 अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में 14,460 परिवार रहते हैं, जिनमें से एक हजार आठ सौ साठ रैयत और करीब साढे बारह हजार परिवार अवैध कब्जेधारी हैं। इन्हें शिफ्ट करने की जिम्मेवारी बीसीसीएल और झरिया पुनर्वास तथा विकास प्राधिकार को दी गयी है।

****************

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने देहरादून में वन–रिपोर्ट 2023 का विमोचन किया। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का कुल वन और पौध–क्षेत्र 8 लाख 27 हज़ार वर्ग किलोमीटर से अधिक इलाक़े में फैला है जो देश के कुल क्षेत्रफल के 25 प्रतिशत से अधिक है। वर्ष 2021 के मुकाबले, 2023 में वन–क्षेत्र में लगभग डेढ़ हज़ार वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। श्री यादव ने बताया कि वन क्षेत्र के विस्तार का लक्ष्य साल दो हजार तीस तक हासिल कर लिया जाएगा।

बता दें कि वन सर्वेक्षण रिपोर्ट हर दो साल पर जारी की जाती है।

****************

झारखंड के 19 जिलों में पिछले दो साल के अंदर एक दशमलव नौ एक प्रतिशत वन क्षेत्रों में बढ़ोतरी हुई है जबकि पांच जिलों में वन क्षेत्र घटे हैं। जिन पांच जिलों में वन क्षेत्रों में कमी आई है उनमें चतरा, पूर्वी सिंहभूम, कोडरमा, लातेहार, और सिमडेगा शामिल हैं।

****************

जामताड़ा जिला प्रशासन की ओर से सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है । इस दौरान सरकार की विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है। इस मौके पर उपायुक्त कुमद सहाय ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाना और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है।

****************

झारखंड ने टीबी उन्मूलन के लिए केंद्र से विशेष सहायता की मांग की है। साथ ही केंद्र से राज्य के लिए अधिक मेडिकल कालेज स्वीकृत करने का भी अनुरोध किया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने टीबी उन्मूलन को लेकर शुरू किए गए 100 दिनों के विशेष अभियान की वर्चुअल समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के समक्ष ये मांगें रखीं। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इस अभियान की प्रगति पर राज्यों से अपडेट लिया। झारखंड में यह अभियान चार जिलों हजारीबाग, रामगढ़, सिमडेगा तथा गुमला में शुरू हुआ है, जहां टीबी के अधिक मामले सामने आ रहे हैं।

बता दें कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सौ दिनों का टीबी मुक्त भारत अभियान सात दिसंबर को शुरू हुआ है जो अगले वर्ष 18 मार्च तक चलेगा।

****************

देवघर शहर में महिला और लड़कियों से चेन छिनतई की घटना पर रोक लगाने के लिए सेक्टर पुलिसिंग की शुरुआत की गई है। पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देश पर शहर को तीन सेक्टर में बांटकर उसकी जिम्मेदारी डीएसपी स्तर के पुलिस अधिकारी को सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग ने इस अभियान की जानकारी दी।

****************

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा सहित अन्य योजनाओं को लेकर गुमला जिले में विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

****************

रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में एसएस मेमोरियल कॉलेज, रांची ने बीएस कॉलेज, लोहरदगा को सात रनों से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। लोहरदगा के बीएस कॉलेज मैदान में हुए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएस मेमोरियल की टीम ने 247 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी बीएस कॉलेज की टीम 240 रन ही बना सकी और उसके सभी खिलाड़ी आउट हो गये।

****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- कोडरमा के डोमचांच में आज बिहार पुलिस और रजौली के वन विभाग के रेंजर के खिलाफ लोगों ने कोडरमा–गिरिडीह मुख्य मार्ग को जामकर प्रदर्शन किया। इस दौरान लगभग 4 घंटे तक कोडरमा–गिरिडीह मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही।
- जमशेदपुर के ट्रैफिक थाना प्रभारी राजन कुमार सिंह ने स्टेशन रोड में चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि शहर में ओवरलोडिंग की वजह से दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। इसपर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया गया।
- सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट से गिरकर एक बच्चे की मौत हो गई।

***********